फाइल सं.- 12016/05/2025-रा.भा.(का-2)-पार्ट फाइल

**भारत सरकार**

**गृह मंत्रालय**

**राजभाषा विभाग**

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: ''राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती'' समारोह के अवसर पर आयोजित होने वाली आशुभाषण प्रतियोगिता के स्थान एवं समय के संबंध में।**

जैसा कि विदित ही है, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में **''राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती''** समारोह का आयोजन नई दिल्ली में माननीय केंद्रीय गृह मंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 26 जून, 2025 को किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में अन्य प्रतियोगिताओं के अलावा दिनांक 06 जून 2025 (शुक्रवार) को आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 22 अप्रैल, 2025 को जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, इस प्रतियोगिता में विभिन्न संगठनों के राजभाषा से जुड़े कार्मिक ही हिस्सा ले सकते हैं।

2. बड़ी संख्या में नामांकन प्राप्त होने के कारण, प्रतियोगिता का आयोजन अब एनडीसीसी सम्मेलन कक्ष के स्थान पर निम्नलिखित स्थान और समय के अनुसार किया जाएगा-

| स्थान: | समय: |
|---|---|
| **एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर,<br>ऑडिटोरियम हॉल, निकट एनडीसीसी II भवन,<br>15 संसद मार्ग, (जंतर मंतर के सामने),<br>नई दिल्ली** | **प्रात: 10.00 बजे से** |

प्रतियोगिता के लिए निर्धारित अंतिम तिथि के बाद भेजे गए नामांकन स्वीकार नहीं किए गए हैं। जिन प्रतिभागियों ने अंतिम तिथि तक अपने नाम भेज दिए हैं (जिनका ऑनलाइन उत्तर भी दिया गया है) और वे राजभाषा से जुड़े कार्मिक भी हैं, उनसे अनुरोध है कि वे निर्धारित समय से 30 मिनट पहले प्रतियोगिता स्थल पर पधारें और अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।

3. जिन प्रतिभागियों के नामांकन प्राप्त और स्वीकार किए जा चुके हैं, उनसे यह भी अनुरोध है कि वे एक बार फिर से प्रतियोगिता में भाग लेने की पुष्टि rajesh.srivastva@nic.in पर हर हाल में 31 मई तक अवश्य कर दें ताकि प्रतिभागियों की संख्या के हिसाब से व्यवस्थाएं की जा सकें।

(राजेश श्रीवास्तव)
संयुक्त निदेशक(नीति)
दूरभाष: 011-23438250

सेवा में,

केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग/बैंक/उपक्रम/स्वायत्त संस्थान/निकाय/बोर्ड/सम्बद्ध कार्यालय आदि (आशुभाषण के प्रतिभागी)।